आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष–दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया। 9 लाख 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का यह बजट प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो पिछले वर्ष से 12.9 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री ने सदन में बजट पेश करते हुए कहा कि बजट में अवसंरचना, महिला सशक्तिकरण, युवा कौशल विकास, किसान कल्याण, गरीबी उन्मूलन और रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

यही जुनून यही ख्वाब मेरा है, दिया जलाकर रोशनी कर दूं जहां अंधेरा है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये प्रस्तुत बजट का आकार 9,12,696.35 करोड़ रुपये है जो वित्तीय वर्ष 2025–26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में पूंजीगत परिव्यय 19.5 प्रतिशत है, शिक्षा तथा चिकित्सा हेतु आवंटन कुल बजट का क्रमशः 12.4 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत है। कृषि एवं संबंद्ध सेवाओं के लिए आवंटन का कुल बजट 9 प्रतिशत है।

श्री खन्ना ने कहा कि इस बजट में 43 हजार 565 करोड़ 33 लाख रुपये की नई योजनाएं सम्मिलित की गई हैं। बजट में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 37 हजार 956 करोड़ रुपये का व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है। चिकित्सा शिक्षा के लिए चौदह हजार नौ सौ सत्तानबे करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। बजट में एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं के लिए तीन हजार आठ सौ बाइस करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार का बजट टेक्नोलॉजी में इन्वेस्टमेंट की मदद से राज्य को खुशहाल बनाने के लिए है। आज दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बजट का थीम महिलाओं की सुरक्षा, काबिल युवा, खुशहाल किसान और सभी को रोजगार है।

उन्होंने कहा कि नई शुरू की गई योजनाओं के लिए 43 हजार पांच सौ पैंसठ करोड़ रुपये से ज़्यादा का बड़ा आवंटन है, जबकि कैपिटल खर्च के लिए 2 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा आवंटित किए गए हैं, जिससे न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में मदद मिलेगी बल्कि रोजगार भी बढ़ेगा।

बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान और हर हाथ को काम, तकनीकी निवेश से समृद्ध होता उत्तर प्रदेश के लिये समर्पित यह बजट नववर्ष के नव निर्माण की एक नई गाथा को देशवासियों के सामने प्रस्तुत करता है। बजट की जो हाइलाइट्स हैं जो आपने देखा है इसमें 43 हजार 565 करोड़ रूप्ये से अधिक की धनराशि केवल नई योजनाओं के लिए इस बजट में प्रस्तावित की गई है। दूसरा दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए।

योगी आदित्यनाथ ने दोहराया कि कानून का राज ही असली विकास की गारंटी है जो यूपी आज दे रहा है।

'रूल ऑफ लॉ' रियल ग्रोथ की गारंटी है। हर व्यक्ति सुरक्षा की गारंटी चाहता है और ये गारंटी यूपी दे रहा है।

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह बजट "विकास, विश्वास और समृद्धि" की भावना से तैयार किया गया है और प्रदेश को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी और संतुलित प्रावधान किए गए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के समन्वय का सकारात्मक परिणाम अब प्रदेश की प्रगति के रूप में दिखाई दे रहा है।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने बजट की आलोचना की। कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने कहा कि बजट में बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए कुछ नहीं है। सभी दावे मनगढ़ंत हैं और बजट का राज्य की जमीनी हकीकत से कोई लेना–देना नहीं है।

वहीं, पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर विवेक कुमार मिश्रा ने बजट को राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित है। श्री मिश्रा ने कहा कि बजट में युवाओं और छात्रों के लिए किए गए प्रावधान सराहनी हैं, जिससे प्रदेश में मानव संसाधन का विकास होगा।

****

केन्द्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी–मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 में संशोधन अधिसूचित किए हैं। अधिसूचना के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को एआई द्वारा निर्मित या डीप फेक सामग्री को सरकार द्वारा चिह्नित किए जाने और न्यायालय के आदेश के बाद तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। नए नियम 20 फरवरी से लागू होंगे।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। उसके बाद अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

****